दिनांक-24फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्र में जनगणना 2021 की कार्य योजना तैयार करने निगम सभागार में हुई बैठक , जल्द शुरू होगी मकानों की नंबरिंग करने का कार्य

भिलाईनगर/ जनगणना 2021 की तैयारियां तीव्र गति से प्रारंभ हो चुकी है, जनगणना के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण पश्चात कार्य योजना बनाने हेतु आज निगम के सभागार में बैठक आयोजित हुई। जनगणना कार्य में शामिल होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक में 18 बिंदुओं की कार्य योजना में मकान सूचीकरण व गणना , जनसंख्या के आधार पर ब्लाॅक बनाने और मकानों को नंबर देने संबंधी जानकारी दी गई। नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में जनगणना 2021 हेतु कार्य में सम्मिलित अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रथम चरण के जनगणना हेतु बनाई गई 18 बिंदुओं के कार्य योजना अनुसार समयसारणी तैयार की गई है। निगम भिलाई के जोन आयुक्तों जो कि जनगणना कार्य में चार्ज अधिकारी बनाए गए है उन्हें भवनों की नंबरिंग , वार्ड व क्षेत्रानुसार लैंडमार्क करना , फील्ड से आने वाली जानकारियों को आाॅनलाइन प्रविष्टि व आाॅफलाइन रिकाॅर्ड तैयार संबंधी जानकारी दिए। बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम क्षेत्रों में लैंड मार्किंग को समझाते जनगणना कार्य में सर्वे से प्राप्त जानकारी को कैसे आाॅनलाइन डाटा प्रविष्टि किया जाना है इसकी जानकारी दिए। जनगणना 2021 के पहले चरण में 2011 की जनगणना को दृष्टिगत रखते हुए घरों का नंबरिंग, मकानों की नंबरिंग व मकान व आबादी के गणना अनुसार अलग-अलग ब्लाॅक बनाये जाने तथा नये मकानों को नंबर अलाॅट किए जाने संबंधी जानकारी दी गई। सभी क्षेत्रों की लैंडमार्किंग व मकानों की गणना व नंबरिंग के बाद नजरी नक्शा तैयार किया जाना है। जनगणना 2021 हेतु मकान सूचीकरण एवं राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर का पृथक-पृथक रिकाॅर्ड भी रखा जाना है। इसके पूर्व प्रगणक, सुपरवाइजर, पर्यवेक्षक आदि की नियुक्ति कर उन्हें प्रशिक्षण देने संबंधी जानकारी दी गई! जनगणना के प्रथम चरण के पूर्व चार्ज रजिस्टर व नजरी नक्शा को तैयार करने संबंधी जानकारी उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को प्रदान किए गए। इस दौरान फील्ड कार्य में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के विषय में भी चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, प्रीति सिंह, महेंद्र पाठक, अमिताभ शर्मा, भवन अनुज्ञा अधिकारी सुनील जैन , चंद्रपाल हरमुख सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।